
5.4

# Special New Innovative Initiatives

1. **Campus Outreach Programme by GDC Salooni :** उच्च शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय सलूणी के द्वारा महाविद्यालय के परिधीय विद्यालयों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिकरू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किहार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिउर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिंगाधार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंजीर, राजकीय उच्च पाठशाला खडार को गोद लिया गया तथा उनके साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए। Campus Outreach Program के तहत राजकीय महाविद्यालय सलूणी के सभी प्रवक्ता दिनांक 13 फरवरी 2025 से 17 फरवरी 2025 तक महाविद्यालय के गोद लिए हुए परिधीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में जाकर वहां के विद्यार्थियों को **"12वीं के बाद क्या?"** विषय पर मार्गदर्शन किया और स्नातक में अपने कौशल, अभिरुचि तथा रोजगार के समुचित अवसरों को ध्यान में रखते हुए विषयों का चुनाव करने के लिए अभिप्रेरित किया। **"What GDC Salooni is offering you"** विषय पर अभिभाषण देते हुए महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने सिंगाधार, टिकरू, खडार, डीऊर, सलूणी, मंजीर, सुरंगानी, हिमगिरि तथा किहार विद्यालय के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए सलूणी महाविद्यालय का चुनाव करने को प्रेरित किया।








Saurabh Mishra

Dr. Saurabh Mishra
NAAC Coordinator

14.2.26

Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni

Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.







# कालेज की टीमें बच्चों को भविष्य निर्माण पर करेंगी जागरूक

- स्कूलों में जाकर आउटरीज कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे
- 14 को किहार, 15 को मंजीर व सुरंगानी में कार्यक्रम होंगे

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यालयों में जाकर कैंपस आउटरीच कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसका उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपना भविष्य बनाने तथा शैक्षिक अवसर प्रदान करने के बारे में जागरूक करना है। इसके लिए राजकीय महाविद्यालय सलूणी ने गोद लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा राजकीय उच्च विद्यालयों के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए हैं।

राजकीय महाविद्यालय सलूणी के प्राचार्य डा. मोहिंदर कुमार सलारिया ने बताया कि 13 फरवरी को सिंगाधार, 14 फरवरी को टिकरू व खडार, 15 फरवरी को डियुर व हिमगिरि में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में दिनेश कुमार, पिंकी देवी तथा डा. सौरभ मिश्रा की ओर से जानकारी दी जाएगी।

14 फरवरी को ही किहार, 15 फरवरी को मंजीर व सुरंगानी तथा 17 फरवरी को सलूणी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें कालेज प्राचार्य डा. मोहिंदर कुमार सलारिया, गुरदेव सिंह तथा शुभम डोगरा बच्चों को जागरूक करेंगे।

राजकीय महाविद्यालय सलूणी के प्राचार्य ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील करते हुए कहा कि वे छात्रों के संपर्क नंबरों के साथ अपने विद्यालयों से पास होने वाले छात्रों की एक सूची प्रदान करें।

इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय सलूणी में छात्र सहायता प्रकोष्ठ शुरू किया गया है।

इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब छात्रों की मदद करना है, जो इस सत्र में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने जा रहे हैं। इसलिए संस्थानों के प्रमुखों से ऐसे छात्रों की पहचान कर संस्थान में दौरे के दौरान छात्रों की सूची प्रदान करवाने का अनुरोध किया है।

उन्होंने बताया कि स्कूलों में कार्यक्रम कर बच्चों को जागरूक करने के लिए सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



राजकीय महाविद्यालय टिकरू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व स्टाफ • जागरण

# सलूणी कालेज में तनाव प्रबंधन व करियर चुनाव के दिए टिप्स

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी की ओर से शुक्रवार को कैंपस आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर के चुनाव, विषयों के चयन, परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन, नशीली दवाओं से दूर रहने और अच्छी संगति में रहने के बारे में मार्गदर्शन देना रहा। कार्यक्रम के तहत बीरवार को दिनेश कुमार, पिंकी देवी और डा. सौरभ मिश्रा की टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगाधार का दौरा किया। इसके बाद राजकीय उच्च विद्यालय खडार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिकरू में विद्यार्थियों के साथ बातचीत की।

इसके अतिरिक्त गुरदेव सिंह, शुभम डोगरा और पंकज कुमार की एक अन्य टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किहार का दौरा किया। इन सभी दौरों में 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ विशेष रूप से संवाद किया गया।

विद्यार्थियों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों, 11वीं कक्षा और स्नातक स्तर पर विषयों के चुनाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। परीक्षा के दौरान तनाव से निपटने के बारे में भी टिप्स दिए गए। नशीली दवाओं व बुरी संगति से दूर रहने के तरीकों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। प्रत्येक सत्र के अंत में राजकीय महाविद्यालय सलूणी के बारे में जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। उन्हें उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया।

राजकीय महाविद्यालय सलूणी की टीम में शामिल सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देना और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है। राजकीय महाविद्यालय सलूणी भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

Saurabh Mishra
Dr. Saurabh Mishra
NAAC Coordinator

MSedhu
14.2.26
Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal GDC Salooni
Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.

**-college magazine and e-newsletter to reduce carbon footprint:**

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में महाविद्यालय पत्रिका **'देवगाह: अ प्लेस फॉर क्रियेटिविटी'** तथा न्यूज़ लेटर **'ज्ञान प्रभा'** का प्रकाशन ई-संस्करण के रूप में रूप में इस अकादमिक वर्ष से किया जा रहा है। डिजिटल प्रकाशन से कागज़ की बचत होने के फलस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और प्रकाशन पर होने वाले अतिरिक्त व्यय को भी रोका जा सकता है। इस प्रकार राजकीय महाविद्यालय की यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। न्यूज लेटर का प्रकाशन गिने-चुने महाविद्यालय ही करते हैं और यह गर्व का विषय है कि राजकीय महाविद्यालय सलूणी भी अब इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल हो गया है।

**सलूणी कालेज में ई-पत्रिका का विमोचन**



सलूणी। राजकीय महाविद्यालय सलूणी में महाविद्यालय पत्रिका 'देवगाह- प्लेस फॉर क्रिएटिविटी' की ई-पत्रिका का विमोचन किया गया। इसकी रस्म महाविद्यालय के प्राचार्य मोहिंद्र कुमार सलारिया ने अदा की। डाक्टर सलारिया ने कहा कि इस वर्ष पत्रिका का द्वितीय अंक प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि ई-प्रकाशन से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा यह डिजिटल युग की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने साथ ही ई-पत्रिका के संपादक मंडल के मुख्य संपादक पिंकी देवी तथा सदस्य दिनेश कुमार, शुभम डोगरा, सौरभ मिश्रा, गुरदेव सिंह, पंकज कुमार और विजय कुमार के योगदान की सराहना करते हुए आगामी संस्करण के लिए शुभकामनाएं दी। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के एनसीसी. कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने एनसीसी कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कालेज का नाम रोशन किया। उन्होंने साथ ही मंडी में आयोजित निपुण टेरिटंग कैम्प से सफल हो कर लौटे 4 रोवर को भी सम्मान्ति किया।

3. **Helpdesk for Form Filling:**

# सलूणी कालेज में प्रवेश के संबंध में दिशानिर्देशों जारी

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक (यूजी) कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। ऐसे में कालेज प्रबंधन की ओर से इस संबंध में सभी लोक मित्र केंद्रों से जरूरी दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया गया है, ताकि छात्र-छात्राओं को प्रवेश आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कालेज के प्राचार्य डा. मोहिंदर सलारिया ने लोक मित्र केंद्रों से आह्वान करते हुए कहा कि अपने केंद्र पर राजकीय महाविद्यालय सलूणी की प्रवेश संबंधी नवीनतम जानकारी जैसे अंतिम तिथि, आवश्यक दस्तावेजों की सूची आदि प्रमुखता से प्रदर्शित करें। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं को आनलाइन आवेदन पत्र भरने में पूर्ण सहायता प्रदान करें। यह सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक विवरण सही और त्रुटिरहित भरे गए हों। आवेदन के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों जैसे 10वीं और 12वीं की अंकतालिका, चरित्र प्रमाणपत्र, श्रेणी प्रमाणपत्र यदि लागू हो, आधार कार्ड, फोटो, हस्ताक्षर आदि को सही ढंग से स्कैन और पोर्टल पर अपलोड करने में छात्रों की मदद करें।

आनलाइन आवेदन शुल्क के भुगतान में छात्रों का मार्गदर्शन करें और सुनिश्चित करें कि भुगतान सफलतापूर्वक हो जाए। छात्रों को आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की गलती करने से बचने के लिए उचित मार्गदर्शन दें। एक बार जमा किए गए आवेदन में सुधार करना मुश्किल हो सकता है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रश्न या संदेह के लिए छात्रों को उचित सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करें। यदि कोई जानकारी उपलब्ध न हो तो उन्हें महाविद्यालय से संपर्क करने की सलाह दें। एंटी रैगिंग व अपार आइडी एंटी रैगिंग के लिए पूर्ण रूप से छात्र-छात्राओं का पंजीकरण करें जिसके लिए लिंक आवेदन पत्र पर ही उपलब्ध है। इसके बाद प्राप्त रेफरेंस नंबर ही भरें व अपार आइडी उचित है यह सुनिश्चित करने के बाद ही भरें। अधिक जानकारी के लिए 8219779756 व 7018434223 पर संपर्क कर सकते हैं।

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में छात्रवृत्ति, प्रवेश फॉर्म, परीक्षा फॉर्म, एबीसी आईडी, NCC पंजीकरण, प्रतियोगी परीक्षा आवेदन करने हेतु एक हेल्प डेस्क गठित किया गया है जिससे छात्र बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के महाविद्यालय में ही फॉर्म भर सके। वर्तमान समय में प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है, जिसके चलते अनेक विद्यार्थियों को आवेदन भरने, दस्तावेज़ अपलोड करने, या विकल्प चयन जैसी प्रक्रियाओं में तकनीकी सहयोग की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में यह हेल्प डेस्क उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करता है और उनकी समस्याओं का समाधान करता है।इस हेल्पडेस्क के संचालक महाविद्यालय के प्रवक्ता एवं ICT लैब प्रभारी श्री शुभम डोगरा है। IQAC के द्वारा 31 अगस्त 2024 को विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के बारे में जागरूक करना था।

Saurabh Mishra

Dr. Saurabh Mishra
NAAC Coordinator

14.2.26

Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni

Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.

5.4

**Tobacco-Free Educational Institute:** The College proudly claims to be a Tobacco-free Educational institute.

Degree College Salooni

Self-Evaluation Scorecard for Tobacco Free Educational Institutions

Name of the Educational Institution: Govt. Degree College, Saloni

Designation of the Evaluator: Dr. Saurabh Mishra (Assistant Professor)

Date of Evaluation: 14-10-2025

Final Score of the Educational Institute: 100

| S.No | Criteria | Weightage Points | Scored Points by the Institute |
|---|---|---|---|
| 1 | Display of 'Tobacco Free Area' Signage inside the premise of Educational Institute at all prominent place(s). | Mandatory(10) | 10 |
| | The name/designation/contact number are mentioned / updated in the signage | Mandatory(10) | 10 |
| 2 | Display of "Tobacco Free Education Institution" signage at entrance/ boundary wall of Educational Institute | Mandatory (10) | 10 |
| | The name/designation/contact number are mentioned / updated in the signage | Mandatory (10) | 10 |
| 3 | No evidence of use of tobacco products inside the premise i.e. cigarette/bidi butts or discarded gutkha/tobacco pouches, spitting spots | Mandatory (10) | 10 |
| 4 | Poster or other awareness materials on harms of tobacco displayed in the premise | 9 | 9 |
| 5 | Organisation of at least one tobacco control activity during last 6 month | 9 | 9 |
| 6 | Designation of Tobacco Monitors and their names, designations, and contact number are mentioned on the signage | 9 | 9 |
| 7 | Inclusion of "No Tobacco Use" norm in the Educational Institute code of conduct guideline | 9 | 9 |
| 8 | Marking of 100 yards' area from the outer limit of boundary wall / fence of the Educational Institute | 7 | 7 |
| 9 | No shops selling tobacco products within 100 yards of the Educational Institute. | 7 | 7 |

Signature of the Evaluator
Dated: 14-10-2025

Seal & Signature of Head of Institute
Dated: 14/10/25
Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.

Shot on OnePlus
Rishi Thakur Ahni 14 October 2025 at 1:47 pm

Dr. Saurabh Mishra
IQAC Coordinator

24/2/26
Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni
Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी किहार जिला चंबा हिमाचल प्रदेश

## तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान

संख्या/BMO/K/25/COTPA-56

प्रमाण पत्र

17-10-2025 को प्राधिकृत समिति द्वारा किये गए सर्वेक्षण के अनुसार GOVT. DEGREE COLLEGE SALOONI ने 98/100 अंक अर्जित किये हैं ।

अतः इस शिक्षण संस्थान को तम्बाकू मुक्त संस्थान प्रमाणित किया जाता है।

दिनांक 17-10-2025

SL

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
किहार जिला चंबा (हि.प्र.)
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
किहार जिला चम्बा (हि०प्र)

यह प्रमाण पत्र जारी करने के उपरांत एक वर्ष तक

EDN-GDC-SLN/2025-26-  Dated-28-10-2025
OFFICE OF THE PRINCIPAL
Govt. Degree College, Salooni
Distt. Chamba HP-176320
Website: gcsalooni.edu.in
Email: gdcsalooni123@gmail.com
Phone:-01896-292069

## Office Order

In compliance with your office letter No. EDN-HE(3)F(9)41/2025 dated 30 October 2025 the guidelines issued by the Department of Higher Education, Himachal Pradesh, and in accordance with the provisions of the Cigarettes and Other Tobacco Products (Prohibition of Advertisement and Regulation of Trade and Commerce, Production, Supply and Distribution) Act, 2003 (COTPA), it is hereby ordered that a **"No Tobacco Use Policy"** shall form an integral part of the College Code of Conduct with immediate effect.

Under this policy:

1. The use, sale, or promotion of tobacco and tobacco products in any form is strictly prohibited within the college campus and its surrounding 100-meter radius.
2. All students, staff members, and visitors are required to adhere to this policy without exception.
3. Violation of this policy shall invite disciplinary action as per college norms and relevant government provisions.
4. Awareness campaigns and educational activities shall be conducted regularly to promote a tobacco-free environment.

This order is issued with the approval of the undersigned and shall be included in the official College Code of Conduct documentation.

28.10.25

Principal
Govt. Degree College Salooni
Distt. Chamba HP

Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.